आयोजन | नगर निगम परिसर में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन

सामूहिक विवाह में 30 जोड़ों ने लिए सात फेरे

नवभारत, कटनी। नगर निगम परिसर में शुक्रवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 30 कन्याओं के विवाह का साक्षी बना। जहां आज का नजारा अन्य दिनों से कुछ अलग रहा। इस अवसर पर वर और वधू पक्ष के रिश्तेदारों की चहल-पहल सुबह से ही देखने को मिली। घराती और बाराती पक्ष अपने मेहमानों के साथ कार्यक्रम स्थल में पहुंच रहे थे। विवाह का कार्यक्रम गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न कराया गया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, निकाह योजना के तहत गरीब परिवारों की कन्याओं का विवाह धूमधाम से सम्पन्न होने पर गर्व महसूस होता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रयासों से अब बेटियां बोझ नहीं वरदान बनकर हर क्षेत्र में अपना नाम रोशन कर रहीं है। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों द्वारा प्रत्येक वधु को गृहस्थी का सामान खरीदने 49 हजार रुपए की राशि का चेक और विवाह प्रमाण पत्र का सांकेतिक रूप से वितरण किया गया। इस दौरान महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, गोविंद चावला, उमेन्द्र अहिरवार, सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद वंदना राजकिशोर यादव सहित अन्य पार्षदों की उपस्थिति रही।

संकल्प से समाधान अभियान के तहत दिया जाएगा प्रशिक्षण

नवभारत, कटनी। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ सीधे पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में संकल्प से समाधान अभियान का आयोजन किया जा रहा है। चार चरणों में चलने वाले इस अभियान को सफल बनाने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले के सभी अधिकारियों और दल प्रभारियों को गूगल मीट के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा। जारी प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुसार समस्त विभाग प्रमुखों, एसडीएम सीईओ और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को शनिवार 24 जनवरी दोपहर 12 बजे से प्रशिक्षण दिया जाएगा। 28 को जनवरी जनपद पंचायत कटनी और बहोरीबंद के समस्त क्लस्टर लेबल अधिकारियों और दल प्रभारियों को दोपहर 12 बजे से, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ और ढीमरखेड़ा के सभी क्लस्टर लेबल अधिकारियों प्रशिक्षण दिया जाएगा।

वोटरों का नाम कटवाने फर्जी आपत्तियां

नवभारत, कटनी। जिले में मतदाता सूची में सुधार कार्य पर आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। कांग्रेस ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाया है कि कांग्रेस समर्थकों और एक विशेष समुदाय के हजारों वोटरों के नाम कटवाने के लिए फर्जी आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं। शुक्रवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मिथिलेश जैन और गुमान सिंह ने पत्राकार वार्ता कर इस तरह के आरोप लगाए हैं। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि गुलवारा गांव के रहने वाले दिलीप हल्दकर का नाम और वोटर आईडी का इस्तेमाल कर कई लोगों के नाम काटने के लिए फॉर्म-7 जमा किए गए थे। दिलीप ने कहा कि उन्होंने ऐसे किसी फॉर्म पर दस्तखत नहीं किए और न ही उन्हें इसकी कोई जानकारी है। उन्होंने कलेक्टर को लिखित शिकायत देकर अपने नाम से दर्ज सभी फर्जी आपत्तियों को रद्द करने की मांग की है। वरिष्ठ कांग्रेस मिथिलेश जैन ने आरोप लगाया कि करीब 5 से 6 हजार

मतदाताओं के नाम हटाने के लिए आखिरी तारीख को एक साथ फर्जी आपत्तियां डाली गईं। उन्होंने तकनीकी गड़बड़ी बताते हुए कहा कि सारे फॉर्म कंप्यूटर से टाइप किए गए हैं, लेकिन आपत्ति करने वाले का नाम पेन से लिखा गया है, जो इशारा करता है कि यह एक संगठित साजिश है। कांग्रेस का कहना है कि मोहम्मद उस्मान, अजमत, राबिया और सलमा जैसे कई पात्र वोटरों को निशाना बनाया जा रहा है। पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष गुमान सिंह ने प्रशासन को घेरते हुए कहा कि जिस तरह शहर में यह फर्जीवाड़ा पकड़ा गया है, उससे शक है कि ग्रामीण इलाकों में भी बड़े पैमाने पर कांग्रेस समर्थित वोटरों के नाम काटे गए होंगे। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि अगर इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर एफआईआर दर्ज नहीं की गई, तो वे चुनाव आयोग तक जाएंगे। इस पूरे विवाद पर जिला प्रशासन का कहना है कि सिर्फ आपत्ति दर्ज होने से किसी का नाम नहीं कट जाता। आपत्ति मिलने के बाद उसकी पूरी जांच की जाती है।

एक नजर में

26 जनवरी को किया जाएगा अधिकारियों का सम्मान

नवभारत, कटनी। सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत वर्ष 2025-26 में आम जनता की शिकायतों का सर्वाधिक संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने पर जिले के तीन अधिकारियों को गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। लोक सेवा प्रबंधन विभाग के जिला प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा ने बताया कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले इन अधिकारियों का चयन शासन स्तर से किया गया है। जिनमें नगरीय विकास और आवास विभाग की सब इंजीनियर श्रीमती मोना कारेरा, ऊर्जा विभाग के कनिष्ठ अभियंता, बड़वारा स्वामी प्रसाद यादव और गृह विभाग के अंतर्गत निरीक्षक, कोतवाली राखी पांडेय का नाम शामिल है। लोक सेवा प्रबंधन विभाग के जिला प्रबंधक ने संबंधित विभागों को पत्र लिखकर इन अधिकारियों से संबंधित जानकारी मांगी है। ताकि सम्मान देने से पूर्व यह सुनिश्चित किया जा सके कि संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कोई विभागीय जांच तो प्रचलित नहीं है। अधिकारी अपने कार्यक्षेत्र में न्यूनतम 4 माह से पदस्थ हों और शिकायतों के परीक्षण में कोई प्रतिकूल तथ्य सामने नहीं आया हो।

सरकारी बोरवेल के पास से हटाया गया अतिक्रमण

नवभारत, कटनी। बहोरीबंद विकासखंड के ग्राम पंचायत कूड़ा के ग्राम निगझर के पेयजल व्यवस्था के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा उत्खनित बोर पर किए गए अवैध कब्जे को कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर शुक्रवार को हटा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि विकासखंड बहोरीबंद में मंगलवार 20 जनवरी को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर आशीष तिवारी को आवेदन देकर ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम कूड़ा के खसरा अंतर्गत 96 के रकबा 0.45 हेक्टेयर के भाग में पेयजल के लिए पानी सप्लाई के लिए पीएचई द्वारा खनित बोर पर प्रीतम लाल नामदेव और रामनाथ विश्वकर्मा निवासी ग्राम कूड़ा द्वारा अवैध कब्जा किया गया था। कलेक्टर के निर्देश पर कब्जा हटा दिया गया है।

नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर 28 को

नवभारत, ढीमरखेड़ा। ग्राम पंचायत पथवारी के समाजसेवी गणेशपुरी गोस्वामी ने अपनी बेटी आर्या गोस्वामी जन्मदिन के अवसर पर 28 जनवरी को आने वाले जन्मदिन पर निशुल्क नेत्र जांच और उपचार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में सुख सागर मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल, जबलपुर के अनुभवी डॉक्टरों की टीम अपनी सेवाएं देगी। विशेष रूप से डॉ पवन कुमार यादव द्वारा मरीजों की आंखों की जांच की जाएगी। शिविर की खास बात यह है कि जांच के दौरान आंखों में जो भी समस्या पाई जाएगी, उसका उचित इलाज भी सुख सागर मेडिकल कॉलेज के सहयोग से किया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से शुरू किया जाएगा। शिविर में सुख सागर मेडिकल कॉलेज के डॉ पवन कुमार यादव द्वारा आंखों की जांच की जाएगी। आयोजकों ने बताया कि शिविर में व्यवस्था बनाए रखने और बेहतर परामर्श के लिए पहले से रजिस्ट्रेशन कराना आवश्यक है। रजिस्ट्रेशन के लिए 9165258130 मोबाइल पर संपर्क किया जा सकता है। समाजसेवी गणेशपुरी गोस्वामी का कहना है कि बेटी के जन्मदिन पर इस तरह के आयोजन से न सिर्फ समाज का भला होता है, बल्कि नई पीढ़ी में भी सेवा भाव के संस्कार विकसित होते हैं। शिविर से क्षेत्र के ग्रामीणों को की आंख संबंधी समस्या का समाधान मिलेगा। शिविर में ग्रामीणों की समस्या का इलाज कर समाधान किया जाएगा। साथ ही निशुल्क दवाएं भी दी जाएगी।

छात्रों को दिलाई गई स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग की शपथ, स्वदेशी संकल्प दौड़ आयोजित

केन्द्रीय स्कूल एनकेजे में किया गया आयोजन

नवभारत, कटनी। केंद्रीय विद्यालय एनकेजे में परीक्षा पे चर्चा के नवें संस्करण के लिए निर्धारित गतिविधियों का आयोजन उत्साह के साथ किया जा रहा है। आयोजन की शुरुआत राष्ट्रीय युवा दिवस पर 12 जनवरी को की गई थी और सुभाष चंद्र बोस की जयंती 23 जनवरी जिसे पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया है, आयोजन का प्रारंभ प्राचार्य द्वारा स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करने की शपथ दिलाने के साथ हुआ। साथ ही स्वदेशी संकल्प दौड़ का भी विद्यालय में आयोजन किया गया। जिसमें स्वदेशी अपनाओ, वोकल फोर

लोकल का संदेश दिया गया। इसमें छात्रों, शिक्षकों ने भी अपने विचारों और संकल्पों को साझा किया। विद्यालय में स्वदेशी खेल सत्र का आयोजन भी किया गया जिसमें छात्रों ने देशी खेलों जैसे कि कबड्डी, खो-खो में भाग लिया। जिससे टीम वर्क और खेल की भावना विकसित हुई। इसके अतिरिक्त मीम क्रिएशन गतिविधि में छात्रों ने अपने विचारों और भावनाओं को मीम्स के माध्यम से व्यक्त किया। उन्होंने परीक्षा और जीवन के विभिन्न पहलुओं पर व्यंग्यात्मक और मनोरंजक मीम्स प्रस्तुत किए। साथ ही गीत, कविता, पोस्टर मेकिंग, योग, ध्यान सत्र और नुक्कड़ नाटक जैसी अन्य गतिविधियां भी करवाई गई। कार्यक्रम के अंतिम दिन 23 जनवरी को विद्यालय में आपरेशन सिंदूर पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जिले के 10 स्कूल पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय एनकेजे, पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय आयुद्ध निर्माणी , जवाहर नवोदय स्कूल बड़वारा, पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैलवारा कलां, पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जुहली, पश्चिम मध्य रेलवे विद्यालय एनकेजे, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एनकेजे, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटनी, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधव नगर कटनी, दिल्ली पब्लिक स्कूल कटनी के 100 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

स्कूल के प्राचार्य पंकज कुमार जैन ने कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य छात्रों को परीक्षा के दबाव से मुक्त करना और उन्हें जीवन कौशल सिखाना है।

कांग्रेस संगठन को मजबूत करने वार्डों में बनाई जा रही समितियां

कांग्रेस ने शुरू किया वार्ड कमेटियों का गठन अभियान

नवभारत, कटनी। कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला के नेतृत्व में संगठन को जमीनी स्तर पर विस्तार देने के लिए शहर के विभिन्न वार्डों का सघन दौरा किया गया। इस दौरान बाल गंगाधर तिलक वार्ड, बिरसा मुंडा वार्ड, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड और राममनोहर लोहिया वार्ड में स्थानीय कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में सर्वसम्मति से वार्ड कमेटियों का विधिवत गठन किया गया। वार्ड कमेटी गठन के दौरान

स्थानीय नागरिकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया। नवनिर्वाचित वार्ड अध्यक्षों का वार्डवासियों ने फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर सभी उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का मुख्य ध्येय आम जनता की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाकर उनका निराकरण कराना है। उन्होंने कहा कि वार्ड कमेटियों के गठन से हमारे कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारी मिली है। अब स्थानीय स्तर पर जनता की समस्याओं को और भी मजबूती से उठाया जा सकेगा, जिससे संगठन का आधार मजबूत होगा।

बैठक में चुनावों की रणनीति पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधानसभा प्रभारी राजेश चौबे, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश जाटव, दिग्विजय सिंह, संजय गुप्ता, मुन्ना कुशवाहा, अभय खरे, तुलाराम गोटिया, अनुराग दहिया सहित काफी संख्या में क्षेत्रीय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एसपी ने किया पुलिस लाइन का औचक निरीक्षण

पुलिस अधिकारियों को दिए बेहतर व्यवस्था के निर्देश

नवभारत, कटनी। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा डीआरपी पुलिस लाइन का औचक निरीक्षण किया गया। रक्षित केंद्र पहुंचकर पुलिस अधीक्षक द्वारा रोजनामचा, स्टोर, शस्त्रागार, शाखा, ब्राउनिंगशाखा, डॉग कैनल, का निरीक्षण किया गया। शस्त्र संचालन शस्त्र रखरखाव, स्वच्छता, रिकॉर्ड संधारण, ब्राउनिंग विधि, वाहनों के मेंटेनेंस संबंधी विषयों पर बारीकी से निरीक्षण कर वर्तमान

व्यवस्थाओं को और दुरुस्त करने के निर्देश रक्षित निरीक्षक संध्या राजपूत को दिए गए। पुलिस कप्तान द्वारा डॉग स्क्वाड का भी निरीक्षण किया गया। डॉग स्क्वाड को सर्चिंग टास्क देकर उनकी दक्षता का परीक्षण किया गया। इस दौरान रक्षित केंद्र के सभी पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों की उपस्थित रहे।

पानी की टंकी साफ कर शुरू की गई पेयजल आपूर्ति

जिला पंचायत उपाध्यक्ष के निर्देश पर कराई गई साफ-सफाई

नवभारत, कटनी। जिला मुख्यालय से लगी ग्राम पंचायत बिचुआ में पिछले कई दिनों से नल-जल योजना बंद पड़ी हुई है। यहां के वाशिंदे लंबे समय से पीने के पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित नल-जल योजना कई दिनों से पूरी तरह बंद पड़ी है, जिसके कारण ग्रामीणों को घरों में नल से पानी नहीं मिल पा रहा था। ग्रामीणों ने इस समस्या की जानकारी जिला पंचायत उपाध्यक्ष

अशोक विश्वकर्मा को दी। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को ग्राम पंचायत बिचुआ की जलाशय टंकी की सफाई करवाने के लिए निर्देशित किया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष के निर्देश पर पानी की टंकी की तत्काल सफाई कराई गई।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने योजना के रखरखाव से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं की जांच कर आवश्यक मरम्मत और सुधार कार्य शुरू करने के भी निर्देश दिए हैं। समस्या का निराकरण होने पर ग्रामीणों ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष के प्रति आभार जताया है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने कहा है कि जनता की समस्या को प्राथमिकता देकर उसका समाधान करना हमारा दायित्व है।

वन विभाग की हिरासत में बिगड़ी बुजुर्ग की तबियत, अस्पताल में मौत

वनजीव के शिकार के संदेह में की जा रही थी पूछताछ, दी गई प्रताड़ना

नवभारत, कटनी। वन्यजीव शिकार के संदेह में पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए 65 वर्षीय आदिवासी बुजुर्ग की तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के बेटे ने कर्मचारियों पर मामला रफा-दफा करने के लिए रुपए देने का भी आरोप लगाया। वन विभाग की टीम को सिमरिया वन परिक्षेत्र के सेमरा गांव निवासी फूलचंद कोल पर किसी शिकार की घटना में शामिल होने का संदेह था, जिसके

बाद उन्हें बुधवार को पूछताछ के लिए सिमरिया रेंज कार्यालय लाया गया। परिजनो के अनुसार रेंज कार्यालय में पूछताछ के दौरान फूलचंद की तबीयत खराब हो गई। जिसके बाद उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि जब बुजुर्ग को अस्पताल लाया गया, तब उनका ब्लड प्रेशर 200 से अधिक था, डॉक्टरों ने तत्काल प्राथमिक इलाज शुरू किया, लेकिन कुछ ही घंटों बाद फूलचंद कोल ने दम तोड़ दिया। मामले में रेंज अधिकारी कार्तिकेय भट्ट ने बताया कि फूलचंद को शिकार के संदेह में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। इसी दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया। बुजुर्ग पहले से ही किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित थे। मृतक के भतीजे रहवासी कोल का कहना है कि वन विभाग की टीम उनके बड़े पिता को खेत से बिना किसी पूर्व सूचना के उठा ले गई थी। उनके साथ मारपीट की गई। इस कारण हालत बिगड़ी, तब उन्हें अस्पताल ले जाया गया। पीड़ित परिवार ने मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई है।

शिविर | ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के तहत अमोच गांव में आयोजित किया गया प्राकृतिक खेती शिविर

किसानों को बताई गई एक गाय से दस एकड़ भूमि में प्राकृतिक खेती करने की विधि

नवभारत, कटनी। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड बहोरीबंद के सेक्टर क्रमांक पांच तेवरी अंतर्गत ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान के तहत ग्राम अमोच में ग्राम उत्सव और प्राकृतिक खेती शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम नवांकुर संस्था युवा जन सेवा समिति तेवरी और ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अमोच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ तेज सिंह केशवाल द्वारा 26 जनवरी तक पखवाड़े के रूप में संचालित ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई।

उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश शासन के सफलतम दो वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में यह अभियान संपूर्ण प्रदेश में चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से शासकीय योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने का उद्देश्य है। इसी क्रम में विकासखंड, ग्राम स्तर पर ग्राम उत्सवों का आयोजन किया जा रहा है। प्राकृतिक खेती शिविर में कृषि विज्ञान केंद्र से उपस्थित डॉ केशव प्रसाद द्विवेदी ने किसानों को प्राकृतिक खेती के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने एक गाय के माध्यम से 10 एकड़ भूमि में प्राकृतिक खेती करने की विधि, जीवामृत, बीजामृत, ब्रह्मास्त्र, बीज उपचार सहित विभिन्न प्राकृतिक खादों के निर्माण और उपयोग की जानकारी दी। साथ ही किसानों की कृषि संबंधी समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों और उपस्थिति किसानों का आभार ग्राम पंचायत अमोच के सरपंच नरेश दहायत द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित उपसरपंच जेठूलाल, पंचायत सचिव प्रकाश यादव, जीआरएस दिनेश पांडेय, नवांकुर संस्था के सेक्टर प्रभारी रविन्द्रनाथ झारिया, परामर्शदाता विनोद सिंह, राकेश दहायत, किसान राजेश हल्दकार, रामभक्त हल्दकार, गुलाब सिंह, साजन हल्दकार, सोनू हल्दकार, रामचरण हल्दकार, संतराम काछी, राजभान काछी, रामस्वरूप चौधरी, समिति के सदस्य, ग्रामीणों और किसानों की उपस्थित रही।

घर के कमरे में फांसी के फंदे में लटकी मिली विवाहिता

नवभारत, कटनी। जिले के बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम कांटी में एक 32 वर्षीय विवाहिता ने अपने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतिका के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि कांटी गांव निवासी मधुरिमा पति महेंद्र कुमार श्रीवास घर के एक कमरे में फांसी के फंदे पर लटकी हुई मृत अवस्था में मिली। जिसके बाद बड़वारा पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से नीचे उतारा और शुरुआती पंचनामा तैयार किया। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि महिला ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया है, इसकी जानकारी मामले की जांच के दौरान मिले साक्ष्यों और तथ्यों के बाद ही मिल सकेगी। पुलिस टीम पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पुलिस परिजनों के बयान दर्ज कर रही है। मर्ग प्रकरण दर्ज कर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लेप्रोस्कोपिक सर्जन
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024